जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू)
फोन नं0 8757269596

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक 2524 दिनांक 03/09/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू में 155 पारा लीगल वोलेनटियर की भर्ती किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देश:–

1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम् शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू (व्यवहार न्यायलय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 13/09/2024 तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथों हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. शिक्षक/सेवानिवृत शिक्षक, सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य विषय के छात्र व शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, डॉक्टर, गैर राजनीतिक संगठन तथा एन0 जी0 ओ0 के कार्यकर्ता, महिला संगठन के कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह के सदस्य एवं छात्र/छात्रा आवेदन दे सकते हैं।
6. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतू नहीं मिलता है।
8. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतू समर्पित किया जाता है।

पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र

1. अभ्यर्थी का नाम:–
2. पिता/पति का नाम:–
3. माता का नाम:–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वार्ष
5. लिंग:–
6. जाति:–
7. जन जाति भाषा ज्ञान:–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता:–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण:–
10. स्थानीय पता और संपर्क:–
11. स्थायी पता:–
12. मोबाईल नम्बर:–

घोषणा :–

मैं .... घोषणा करता/करती हूँ कि मैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर पलामू द्वारा प्रदत्त कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी तथा मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।

स्थान :

दिनांक : अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नोट:– साक्षात्कार की सूचना व्यवहार न्यायालय के Website **https://palamu.dcourts.gov.in** पर दी जाएगी। अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

आदेशानुसार
प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।